मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 253 | मंगलवार, 31 दिसंबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com | FOLLOW US | GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. | Mobile.:- 9822045566 | epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ दिखीं कृति सेनन**

## कल्याण-डोंबिवली में 170 नशेड़ियों पर कार्रवाई



**कल्याण.** नए साल का जश्न मनाते समय पुलिस ने कल्याण और डोंबिवली शहरों के विभिन्न हिस्सों में खुले स्थानों पर शराब और नशीले पदार्थों का सेवन करने, बिना अनुमति के ढाबों में शराब बेचने और ग्राहकों की भीड़ इकट्ठा करने तथा सार्वजनिक सड़कों पर पेड़ों की आड़ में नशा करने वाले करीब 170 लोगों को गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस ने शनिवार रात डिप्टी कमिश्नर अतुल झेंडे के आदेश पर कार्रवाई की।

पुलिस द्वारा नववर्ष को शांतिपूर्वक तथा कानून-व्यवस्था का उल्लंघन किए बिना मनाने की अपील की है. इसके बावजूद, गश्ती दलों ने पाया कि कल्याण और डोंबिवली शहरों में कई लोग शराब पीकर सार्वजनिक सड़कों पर हंगामा कर रहे थे। कुछ स्थानों पर लोग घरों और इमारतों की आड़ में मारिजुआना जैसे मादक पदार्थों का सेवन करते पाए गए। पुलिस ने डोंबिवली के ठाकुर्ली 90 फुट रोड क्षेत्र और कल्याण पूर्व के 100 फुट रोड क्षेत्र में कई लोगों को खुले में शराब पीते हुए पकड़ा।

पुलिस ने शनिवार रात भर कल्याण और डोंबिवली शहरों के विभिन्न इलाकों में गिरफ्तारी अभियान चलाया। पुलिस की कार्रवाई में पता चला कि कल्याण में एक दुकान, जिस पर चाय बेचने की नेमप्लेट लगी थी, पर्दे लगाकर शराब बेची जा रही थी।

पिछले कुछ महीनों से कल्याण और डोंबिवली शहरों में यौन उत्पीड़न, मारपीट और हमले की घटनाएं बढ़ रही हैं। पुलिस जांच इस निष्कर्ष पर पहुंच रही है कि नशे और नशीली दवाओं का दुरुपयोग इन घटनाओं का मूल कारण था। पुलिस ने इस मूल कारण पर नकेल कसने के लिए गिरफ्तारी अभियान शुरू किया है। ऐसी संभावना है कि 31 दिसंबर की रात को नए साल का स्वागत करते समय कई लोग सार्वजनिक स्थानों पर अवैध गतिविधियों में संलग्न होंगे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसलिए शहर में रात्रि गश्त बढ़ा दी गई है।

### मानपाड़ा में सर्वाधिक 50 नशेड़ी धरे गए

कल्याण के महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में 15, बाजारपेठ पुलिस स्टेशन में 16, कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में 35, खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में 8, डोंबिवली मनपाड़ा पुलिस स्टेशन में 50, रामनगर पुलिस स्टेशन में 25 और विष्णुनगर पुलिस स्टेशन में 10 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

> सभी को नववर्ष का जश्न उत्साह और खुशी के साथ मनाना चाहिए। ऐसा करने से सार्वजनिक स्थानों पर नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। उम्मीद है कि इस कार्रवाई से शांति भंग नहीं होगी। रात में सार्वजनिक स्थानों पर शराब और नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।
>
> **-अतुल झेंडे,** उपायुक्त, कल्याण.

## संक्षेप...

### प्रेमिका ने की आत्महत्या, प्रेमी पर मामला दर्ज



**भिवंडी.** भिवंडी तालुका वलगांव के शुभम लॉजिंग एंड बोर्डिंग में 24 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी. उक्त मामले में युवती के पिता की शिकायत पर नारपोली पुलिस ने युवती के प्रेमी राहुल यादव के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है.

मिली जानकारी के अनुसार,मृतका ठाणे के वागले एस्टेट इलाके की रहने वाली थी. 25 दिसंबर को वह वलगांव के एक लॉज में गई, जहां उसने कमरे के पंखे में लटककर आत्महत्या कर ली. जांच के दौरान युवती के पिता ने खुलासा किया कि उनकी बेटी और राहुल यादव के बीच प्रेम संबंध थे. पिता का आरोप है कि राहुल ने शादी करने से इनकार कर दिया, जिससे दोनों के बीच विवाद हुआ. तनाव के चलते युवती ने आत्महत्या जैसा गंभीर कदम उठाया.पुलिस ने शिकायत के आधार पर राहुल यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.पुलिस मामले की सच्चाई तलाशने में जुटी है.

# नए साल के जश्न को लेकर पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त

### ■ रेव पार्टियों पर भी पुलिस का फोकस

**ठाणे.** नए साल के जश्न के लिए हर जगह पार्टियों और नए साल के जश्न की तैयारियां शुरू हो गई हैं। हालाँकि, कुछ पार्टियों में ड्रग डीलर भी अक्सर आते हैं। इसलिए अब पुलिस इन पार्टियों पर कड़ी नजर रखेगी. ठाणे पुलिस बल की ओर से शहर में नाकाबंदी और गश्त की जाएगी. अपराध जांच शाखा की टीमें रिपोर्ट के जरिए मादक पदार्थ तस्करों के बारे में जानकारी हासिल कर रही हैं। रेलवे पुलिस भी स्टेशन क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाएगी।

31 दिसंबर और नए साल के दिन ठाणे जिले के घोड़बंदर इलाके समेत कई जगहों पर ढाबों, होटलों, रिसॉर्ट्स और फार्महाउसों में बड़ी पार्टियों का आयोजन किया जाता है। इन पार्टियों में मुंबई, उपनगरों और ठाणे जिले से युवा आते हैं। पार्टियों में अक्सर मादक पदार्थों के तस्करों की घुसपैठ हो जाती है। पिछले साल घोड़बंदर इलाके के जंगल में ऐसी ही रेव पार्टी का आयोजन किया गया था. इस रेव पार्टी में मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे शहरों के आम परिवारों के युवा शामिल हुए. ठाणे पुलिस की अपराध जांच शाखा द्वारा चलाए गए ऑपरेशन में 90 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया। उनमें से कई को नशीली दवाओं का सेवन करते हुए पाया गया। साथ ही पुलिस ने कार्रवाई में नशीले पदार्थों का जखीरा भी जब्त किया.



> सुरक्षा की दृष्टि से ठाणे कमिश्नरेट इलाके में पुलिस नाकाबंदी रहेगी. रेव पार्टियों पर पुलिस की नजर है. ट्रैफिक पुलिस शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है. नागरिकों को नियमों का पालन करते हुए हर्षोल्लास के साथ नये साल का जश्न मनाना चाहिए.
>
> **- ज्ञानेश्वर चव्हाण,** संयुक्त आयुक्त, ठाणे पुलिस.

इस साल भी पुलिस 31 दिसंबर की रात और नए साल की आधी रात को जगह-जगह नाकाबंदी करेगी. रात्रि के समय नशे में धुत चालकों द्वारा वाहन चलाये जाते हैं। इसलिए ट्रैफिक पुलिस ने रात में शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग शुरू कर दी है. नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर दंडात्मक कार्रवाई भी की जायेगी. उपद्रव रोकने के लिए स्थानीय पुलिस द्वारा रात्रि गश्ती की जायेगी. रेव पार्टियों के आयोजन के लिए सोशल मीडिया के जरिए निमंत्रण मिलते हैं. इसलिए अपराध जांच शाखा की टीमें सोशल मीडिया पर नजर रख रही हैं.

नए साल की पूर्वसंध्या के मौके पर कई लोग रात के समय मुंबई में घूमने जाते हैं. इसलिए रात के समय घर लौटने वाली महिलाओं के लिए स्टेशन परिसर और महिला डिब्बे में रेलवे पुलिस के जवान रहेंगे. इसके अलावा, महाराष्ट्र सुरक्षा बल और होम गार्ड के जवान भी मदद करेंगे, ठाणे लोहमार्ग पुलिस स्टेशन की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्चना दुसाने ने कहा।

### 7400 पुलिसकर्मियों की होगी तैनाती



ठाणे पुलिस नए साल के जश्न के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए 7,400 कर्मियों को तैनात करेगी। इसमें 450 यातायात पुलिस कर्मी शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए संभावित स्थानों पर चौकियां और मोबाइल गश्ती दल तैनात किए जाएंगे। इस विशाल दस्ते में 450 पुलिस अधिकारी, 6,500 पुलिसकर्मी और 450 यातायात पुलिस शामिल हैं। शहर के सभी प्रमुख चौराहों को बंद करके ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान भी चलाया जाएगा। यदि किसी चालक का व्यवहार संदिग्ध हो, तो श्वास विश्लेषक मशीन से उसका परीक्षण किया जाना चाहिए, ताकि पता चल सके कि उसने शराब पी रखी है या नहीं। इसकी जाँच की जाएगी. ऐसे शराबी वाहन चालकों पर नज़र रखने के लिए मोबाइल पुलिस टीमें भी गठित की गई हैं। इसके लिए 50 पुलिस अधिकारी और यातायात शाखा के चार सौ पुलिस जवान इस अभियान में भाग लेंगे। सुरक्षा के लिए विभिन्न थानों, मुख्यालयों और रिजर्व पुलिस सहित करीब साढ़े छह हजार पुलिसकर्मियों का बल तैनात किया गया है।

## रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय सर्प मित्र की मौत

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मोरीवली रेलवे क्रासिंग पार करते समय सर्प प्रेमी प्रशांत सूर्यवंशी (24) की मौत हो गई।

नवरेनगर इलाके में रहने वाले सर्प मित्र प्रशांत सूर्यवंशी लापता हो गए थे और उनकी तलाश में उसका परिवार लगा हुआ था. इस बीच उसका शव मोरीवली रेलवे क्रॉसिंग इलाके के पास मिला। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और प्रशांत के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उल्हासनगर के सरकारी सेंट्रल अस्पताल भेज दिया। इस बीच, प्रारंभिक अनुमान यह लगाया जा रहा है कि यह दुर्घटना रेलवे पटरी पार करते समय हुई होगी।

# क्राइम ब्रांच ने बाइक चोर गैंग को पकड़ा

### ■ 3 शातिर चोर गिरफ्तार
### ■ 7 बाइक जब्त

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर अपराध शाखा (अपराध जांच) के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है और 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार करके उनके पास से चोरी के 7 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं।



क्राइम ब्रांच के पुलिस कांस्टेबल राजेंद्र थोरवे को सूचना मिली थी कि अमर डाई कंपनी के पास तीन लोग चोरी की दोपहिया लेकर सड़क पर घूम रहे हैं। इस सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली, सहायक पुलिस निरीक्षक बबन बांडे और कांस्टेबल गणेश के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई गावड़े, योगेश वाघ, मंगेश जाधव, प्रकाश पाटिल, रितेश वंजारी, संजय शेरमाले और प्रसाद तोंडालीकर की एक पुलिस टीम ने तुरंत घटनास्थल पर जाल बिछाया और रवि अर्जुन जैसवार (उम्र 23), आशीष राजकुमार गुप्ता (उम्र 23) और साबेद उर्फ बाबू मुन्ना रिज़वी (उम्र 22) को पकड़ लिया।

तीनों आरोपी आशेले पाड़ा के रहने वाले हैं और उनके पास से 7 दोपहिया वाहन जब्त किए गए हैं। इन दोपहिया वाहनों की कीमत करीब 3 लाख रुपये है और इन्हें उस पुलिस थाने को सौंप दिया जाएगा जिसके अधिकार क्षेत्र में ये दोपहिया वाहन हैं. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली ने बताया कि वाहनों की चोरी रोकने के लिए कुछ संदिग्ध वाहनों को जब्त किया गया है। अशोक कोली ने किसी भी तरह की गतिविधि का पता चलने पर तुरंत पुलिस थाने से संपर्क करने की अपील भी की है।

## शहीदी दिवस पर गुरुद्वारे में गरम दूध बांटा गया

**उल्हासनगर.** शहीदी दिवस को समर्पित दशमेश पिता युवा सिख लबाना संगठन उल्हासनगर द्वारा हर साल की तरह इस साल भी श्री गुरू गोबिंद सिंह साहिबजी के चार साहबजादो और परिवार के शहीदी दिवस पर उनके त्याग और बलीदान के उपलक्ष्य में गुरुद्वारे में धार्मिक आयोजन व शाम को गरम दुध का लंगर किया गया जिसका सैकड़ों ने लाभ लिया. रविवार की शाम को स्थानीय कैंप 4 स्थित न्यू इंग्लिश स्कूल के पीछे नेताजी चौक पर गतका प्रदर्शन भी किया गया. गरम दूध का अटूट वितरण किया गया व उल्हासनगर 1 से 5 नंबर तक घूम घूम कर संगठन के सेवादारों ने सड़को पर व देर गरम दूध बतौर लंगर के रूप में बांटा, साथ ही पैड़ीगिरी व बिना शक्कर वाला दूध बेजुबान जानवरो भी पिलाया गया.

# उल्हासनगर में चोरों का आतंक

### ■ कुर्ला कैंप के किराना दुकान में की चोरी
### ■ घटना सीसीटीवी में कैद
### ■ शहर में चोरी की वारदातें बढ़ी



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 4 स्थित कुर्ला कैंप चौक इलाके में अन्नपूर्णा किराना दुकान में रात के समय दो अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर नकदी और दुकान का सामान चोरी कर लिया है यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है, दो अज्ञात चोरों ने करीब 15 हजार रुपये नकद और महंगी सामग्री लेकर फरार हो गये. पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है. उल्हासनगर शहर में कुछ महीनों से चोरी, मारपीट और हत्या जैसे गंभीर अपराध हो रहे हैं और नागरिक पुलिस से इसकी रोकथाम की मांग कर रहे हैं. इन अपराधों में ज्यादातर नशेड़ियों का समावेश है। उल्हासनगर-3 फर्निचर बाजार में भी इला डीकार लिंक रोड में शनिवार शाम 8.15 बजे एक व्यक्ति ग्राहक के रुप में दुकानदार का मोबाईल चोर करके फरार हो गया है। सीसीटीवी में उसका चेहरा पुलिस को दिखाया गया है। इस शख्स से सावधान रहने की अपील लोगों से की गई है।

## नासिक हाईवे पर जली कार

**कल्याण.** मुंबई-नासिक हाईवे पर सोमवार सुबह दिवे अंजूर इलाके में एक कार में अचानक आग लग गई. कार मुंबई नासिक हाईवे पर नासिक की ओर जा रही थी. इस घटना के कारण ट्रैफिक जाम हो गया और लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा. है. हालांकि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस हाइवे पर खारेगांव टोल नाका से मानकोली तक वाहनों की कतार लग गई है. मुंबई से नासिक, भिवंडी, कल्याण जाने के लिए वाहन चालक इस मार्ग का उपयोग करते हैं.

# अंबरनाथ नपा प्रशासन डीएमसी सड़क पर ध्यान दे

### ■ पोल लाइन नहीं, कचरे का ढेर, साफ-सफाई और लाइन लगाए
### ■ वर्षों से अंधेरे में डूबी है ये सड़क

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम डीएमसी रास्ते पर गत कई वर्षों से पोल लाइन नहीं होने के कारण इस रास्ते पर से रात में वाहन चालक एवं पैदल मुसाफिरों को लूटपाट करने की संभावना अब ज्यादा बढ़ गई है. इस रास्ते के किनारे पर शहर के कुछ मछली विक्रेता रोजाना रात में सड़ी-गली मछलियां फेंक कर जा रहे हैं. जिसके कारण इस सड़क पर गंदगी और बदबू का साम्राज्य है. यहां पर के. बी. सड़क से लगकर डीएमसी रास्ते से अंबरनाथ स्टेशन की तरफ लोग जाते आते हैं. इस रास्ते पर कुछ लोग कचरा फेंक कर जा रहे हैं, जिसके कारण यहां हमेशा कचरे का ढेर दिखाई देता है. नपा प्रशासन का इस सड़क की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं है. सड़क पर लाइट नहीं लगाई जा रही है और ना ही साफ-सफाई की जा रही है. नगर परिषद ने इस रास्ते को लाखों रुपए खर्च करके सीमेंट कांक्रीट का बनाया है. इस सड़क पर लाइन और साफ सफाई हो जाए तो रात के समय भी वाहन और पादचारी इसका इस्तेमाल कर सकेंगे. एक समय था जब ये रास्ता अंबरनाथ की शान था. यहां पर डीएमसी और बोरेक्स मोरारजी कंपनियां थीं. जिसमें सैकड़ों मजदूर काम करते थे. ये दोनों कंपनियां बंद हो जाने के कारण इस जगह को बिल्डरों ने खरीद लिया है. यहां पर इमारतें बनेंगी तो लोगों की हलचल शुरू हो जाएगी. तब तक नगर परिषद को चाहिए कि सड़क के आसपास पोल लाइट लगाए और सफाई पर ध्यान दे.

# अंबरनाथ में अवैध फेरीवालों के कारण हो रहा ट्रैफिक जाम



### ■ ट्रैफिक विभाग नपा को देगा पत्र
### ■ विभाग की व्यापारियों के साथ बैठक संपन्न

**उल्हास विकास संवाददाता**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ यातायात विभाग ने अंबरनाथ व्यापारी संघ और होटल एसोसिएशन के साथ शहर में बढ़ रही ट्रैफिक समस्या पर ट्रैफिक कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया. ट्रैफिक के एसीपी विजय पवार ने उपस्थितों को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि दुकानों में ग्राहक आए तो उससे कहो कि सड़क से हटकर वाहन को लगाए, . दुकानदारों एवं होटलवालों को एक आदमी को बाहर खड़ा रखकर ग्राहकों को वाहन सही तरीके से लगाने के लिए कहना चाहिए. ट्रैफक में क्या सुधार हो सकता है, उस पर बैठक में चर्चा की गई.

सभी उपस्थितों ने एसीपी पवार को बताया कि शहर पूर्व और पश्चिम में स्टेशन चौक पर हाथगाड़ी और ठेले वालों के लगने से ट्रैफिक की समस्या हो रही है. नपा केवल दिखावा कर रही है कि एक दिन की कार्रवाई करती है. दूसरे दिन फिर से हॉकर्स सड़क पर कब्जा जमा लेते हैं. इस पर से पवार ने कहा कि वह नपा मुख्याधिकारी से इस संबंध में बात करके एक पत्र नपा को देंगे.

उपस्थितों ने उन्हें बताया कि शहर में हॉकर्स जोन नहीं होने के कारण ये समस्या हो रही है. वाहन चालकों के साथ शहरवासी भी परेशान हैं. बैठक में यातायात के व.पु.नि. विजय पुराणिक, व्यापारी संघ अध्यक्ष खानजी धल, हितेश कोठारी, बेलाराम कुंभार, महेंद्र जैन, रवि शेट्टी आदि उपस्थित थे.

# ठाणे जिले में MIDC का पानी होगा महंगा!

**ठाणे.** ठाणे जिले के अंबरनाथ, उल्हासनगर, कल्याण, तलोजा, नवी मुंबई सहित अन्य शहरों में बारवी बांध से पानी की आपूर्ति करने वाले महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल ने स्थानीय निकायों को आपूर्ति किए जाने वाले पानी की दर बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया है। विधानसभा चुनाव से पहले एमआईडीसी प्रशासन ने इस संबंध में एक विस्तृत प्रस्ताव मंजूरी के लिए निदेशक मंडल के समक्ष रखा था। लेकिन इस प्रस्ताव को स्थगित रखकर चुनाव के बाद निर्णय लेने का फैसला लिया गया।

नए साल में होने वाली निदेशक मंडल की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव एक बार फिर मंजूरी के लिए रखा जाएगा और इस बात पर निर्णय लिया जाएगा कि संपूर्ण ठाणे जिले के स्थानीय निकायों के लिए जल शुल्क बढ़ाया जाए या नही। वैसे पिछले 11 साल में एमआईडीसी की पानी की दरें नहीं बढ़ीं है।






औद्योगिक उपयोग के साथ-साथ शहरी पेयजल की प्यास बुझाने वाली महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल की जल योजनाओं की बकाया जल बिल राशि दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, महामंडल ने इन योजनाओं को अद्यतन करने के लिए काफी खर्च किया है। ऐसे में पानी और बिजली की दरें बढ़ने से महामंडल आर्थिक संकट में है। इसलिए महामंडल अपनी जल योजनाओं की दरें बढ़ाने का प्रस्ताव बनाया है।

पिछले कुछ वर्षों में राज्य भर में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्र में जल आपूर्ति योजनाओं को कार्यान्वित करने, क्षमता बढ़ाने, पुरानी पाइप लाइन को बदलने, नए जल उपचार संयंत्रों के निर्माण, जल निकायों के निर्माण, पम्पिंग मशीनरी आदि को बदलना इस कामों पर बहुत खर्च किया गया है।

इसके अलावा पांच साल पहले महामंडल द्वारा बारवी बांध की ऊंचाई बढ़ाकर जल भंडारण क्षमता बढ़ाई गई है। बारवी जल प्रदाय योजनान्तर्गत 1800 मिमी व्यास वाले हल्के स्टील के पानी के पाइपों को बदलने और जल उपचार संयंत्र के उन्नयन का कार्य प्रगति पर है। इन सभी कार्यों पर महामंडल का काफी पैसा खर्च हुआ है।

### खर्चा बढ़ा, आमदनी उतनी ही रही

अंबरनाथ सहित ठाणे जिले के कई शहरों में एमआईडीसी की जलापूर्ति योजना पर महकमे का खर्चा काफी होता है जबकि उसकी तुलना में राजस्व कम प्राप्त होता है। व्यय और वास्तविक आमदनी में कमी को ध्यान में रखते हुए पानी की कीमतें बढाने की मांग महकमे के स्थानीय पदाधिकारियों ने की है।

देनदारी 10 हजार 332.52 करोड़ और प्रस्तावित देनदारी 9 हजार 739.04 करोड़ कुल देनदारी 20 हजार 071.62 करोड़ है। महकमे ने 2013 के बाद से जलापूर्ति की दर में बढ़ोतरी नहीं की है। जल आपूर्ति टैरिफ में मुख्य रूप से जल पट्टी और बिजली टैरिफ प्रमुख लागत है।

इन घटकों का लागत अनुपात क्रमशः 35.36 प्रतिशत और 25.44 प्रतिशत, कुल 60.80 प्रतिशत है। साथ ही हर साल पानी और बिजली की दरों में भी 10 फीसदी की बढ़ोतरी हो रही है। इसके चलते 2013 के बाद से मंडल के खर्चों में 67 फीसदी की बढ़ोतरी के बावजूद राजस्व में सिर्फ 27 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास

संपादकीय

## कमजोर होते जा रहे बच्चे

अगर माता-पिता अपने बच्चे को वक्त बर्बाद न करने और पढ़ाई करने की हिदायत देते हैं, तो यह बच्चों के हित में ही होता है। मगर विडंबना है कि आजकल बहुत सारे बच्चों में ऐसी प्रवृत्ति देखी जा रही है, जो उनके भावनात्मक या मानसिक रूप से बेहद कमजोर होने का संकेत देती है। बहुत मामूली बातों पर किसी बच्चे के भीतर इतना गुस्सा उभरता है कि या तो वह प्रतिक्रिया स्वरूप अपने सामने के किसी व्यक्ति को या फिर खुद को ही नुकसान पहुंचा देता है।

पिछले कुछ समय से अक्सर ऐसी खबरें सामने आने लगी हैं, जिनमें अभिभावक ने अपने बच्चे को पढ़ाई करने के लिए थोड़ा डांटा तो बच्चा इस कदर तनाव में आ गया कि उसने आत्महत्या कर ली। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से शनिवार को ऐसी ही एक खबर आई, जिसमें बारहवीं कक्षा में पढ़ाई करने वाली सत्रह वर्ष की एक बच्ची को उसके पिता ने पढ़ाई करने के लिए थोड़ी डांट लगाई, तो उसके बाद बच्ची ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली।

### मानसिक उथल-पुथल के नाजुक दौर से गुजर रहे बच्चे

इससे पहले, हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे में भी एक बच्ची ने सिर्फ इसलिए अपनी जान दे दी कि उसकी मां ने उसे ज्यादा मोबाइल देखने के बजाय पढ़ाई पर ध्यान देने को कहा। बच्चों के भीतर उभर रही इस तरह की प्रवृत्ति व्यापक चिंता का कारण बनने लगी है। यह कहा जा सकता है कि किशोरावस्था में कई स्तर पर मानसिक उथल-पुथल के नाजुक दौर से गुजर रहे बच्चों से संवेदनशीलता के साथ पेश आना चाहिए। लेकिन इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि बच्चों के भीतर सहनशीलता और धैर्य की इस कदर कमी होने के पीछे कौन-सी परिस्थितियां और वजहें जिम्मेदार हैं कि वे अपने अभिभावकों की वैसी बातों पर भी काबू खो बैठते हैं, जो उनके हित के लिए कही गई होती हैं। मानवीय व्यवहार की कसौटियां और आधुनिक तकनीकी के संजाल के बीच इस जटिल होती समस्या पर समय रहते विचार करने की जरूरत है कि बच्चों के साथ बर्ताव और उनके भीतर प्रतिक्रिया के मामले में किस तरह एक संतुलित और परिपक्व समझ का विकास किया जा सकता है।

# श्वेत क्रांति के नए दौर की शुरुआत, दूध उत्पादन को बढ़ावा दे रही मोदी सरकार

बीते दिनों केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दस हजार नई प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) की शुरुआत करते हुए कहा कि अगले पांच साल में दो लाख पैक्स बनाने का लक्ष्य समय से पहले हासिल हो जाएगा। पैक्स के जरिये कृषि उत्पादों की देसी-विदेशी बाजारों तक पहुंच बनेगी। उल्लेखनीय है कि वैश्विक दूध उत्पादन में भारत की 24 प्रतिशत हिस्सेदारी है, लेकिन विश्व निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बहुत कम है।

दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार ने पैक्स के जरिये श्वेत क्रांति 2.0 की शुरुआत की है। यह पहल आपरेशन फ्लड की सफलता पर आधारित है, जो 1970 में शुरू हुई थी और सहकारी समितियों के माध्यम से भारत को विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना दिया। श्वेत क्रांति 2.0 का वित्त पोषण राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के माध्यम से होगा। इस धन का उपयोग दूध संग्रहण केंद्र स्थापित करने, कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं बढ़ाने और प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि के लिए किया जाएगा।

वास्तव में अभी दूध उत्पादन से जुड़े 6.5 करोड़ ग्रामीण परिवार सहकारी क्षेत्र के दायरे से बाहर हैं। उचित मूल्य न मिलने के कारण इन ग्रामीण परिवारों को शोषण का सामना करना पड़ रहा है। डेरी कारोबार से जुड़े देश के आठ करोड़ ग्रामीण परिवारों में से मात्र 1.5 करोड़ परिवार ही सहकारी क्षेत्र से जुड़े हैं। मोदी सरकार ने इन 6.5 करोड़ ग्रामीण परिवारों को सहकारी क्षेत्र से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे डेरी किसानों की बाजार तक बेहतर पहुंच बनेगी। श्वेत क्रांति 2.0 को चार प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित किया गया है।



इसमें महिला किसानों को सशक्त बनाना, स्थानीय दूध उत्पादन को बढ़ाना, डेरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और डेरी निर्यात को बढ़ावा देना शामिल हैं। श्वेत क्रांति 2.0 का प्राथमिक लक्ष्य अगले पांच वर्षों में देश भर में दूध संग्रह को 50 प्रतिशत तक बढ़ाना है। इसका उद्देश्य वित्त वर्ष 2028-29 तक दैनिक दूध खरीद को 660 लाख किलोग्राम से बढ़ाकर 1007 लाख किलोग्राम करना है।

डेरी ऐसा क्षेत्र है जिसमें अधिकतर महिलाएं कार्यरत हैं। डेरी क्षेत्र के कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत है। अकेले गुजरात में डेरी क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं सालाना 60,000 करोड़ रुपये का कारोबार कर रही हैं। स्पष्ट है श्वेत क्रांति 2.0 महिलाओं का सशक्त बनाने का कारगर हथियार साबित होगी।

भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। वित्त वर्ष 2022-23 में 23 करोड़ टन दूध का उत्पादन हुआ। डेरी उद्योग भारत के कृषि उत्पादन का 40 प्रतिशत हिस्सा है। उत्पादित दूध का लगभग 63 प्रतिशत बाजार में पहुंचता है जिनमें से अधिकांश असंगठित क्षेत्र से आता है जबकि सहकारी समितियां संगठित क्षेत्र के उत्पादन को नियंत्रित करती हैं। उल्लेखनीय है कि सहकारी समितियां आपरेशन फ्लड की रीढ़ रही हैं। वर्तमान में देश में 1.7 लाख डेरी सहकारी समितियां हैं, जो 30 प्रतिशत गांवों को कवर करती हैं।

देश के कुल दूध उत्पादन का 10 प्रतिशत इन सहकारी समितियों के माध्यम से आता है, लेकिन इनका कवरेज असमान है। कवरेज बढ़ाने के लिए एनडीडीबी अगले पांच वर्षों में 56,000 नई सहकारी समितियां स्थापित करने और 46,000 मौजूदा समितियों में सुधार की योजना पर काम कर रहा है। एनडीडीबी का ध्यान उत्तर प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों पर है, जहां डेयरी सहकारी समितियां कम विकसित हैं।

सरकार ने डेरी किसानों के लिए देश भर में रुपे किसान कार्ड और डेरी सहकारी समितियों में सूक्ष्म एटीएम की भी शुरुआत की है। श्वेत क्रांति की ही उपलब्धि है कि भारत लंबे से समय विश्व का अग्रणी दूध उत्पादक बना हुआ है। आज वैश्विक स्तर पर जहां दूध उत्पादन में सालाना दो प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी हो रही है वहीं भारत में यह छह प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

वैश्विक दूध उत्पादन में भारत की 24 प्रतिशत हिस्सेदारी है, लेकिन विश्व निर्यात में भारत की हिस्सेदारी एक प्रतिशत से भी कम है। आज भारत का डेरी एवं पशुपालन उद्योग देश की जीडीपी में पांच प्रतिशत योगदान कर रहा है। यदि कृषि क्षेत्र को देखें तो यह योगदान 24 प्रतिशत है, जिसका कुल मूल्य दस लाख करोड़ रुपये है। खेती के घाटे का सौदा बनने के दौर में यह किसानों की नियमित आय का एक प्रमुख स्रोत है।





अपने जीवन को प्रेम की मधुर धुन बनाइए!

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# दुनिया के कारोबार में डॉलर की अहम भूमिका

विदेशी मुद्रा भंडार और डालर के मुकाबले रुपए की कीमत में गिरावट आर्थिक विकास की दृष्टि से गंभीर चिंता का विषय है। डालर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर लंबे समय से नीचे का रुख किए हुए है। अब विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से घटना शुरू हो गया है। बीते सप्ताह शुक्रवार को इसमें 8.48 अरब डालर की कमी दर्ज की गई। यह 2008 की मंदी के बाद अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। इसके पिछले हफ्ते भी 1.99 अरब डालर की गिरावट दर्ज हुई थी। सितंबर में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ कर 704.88 अरब अमेरिकी डालर के अपने सर्वाधिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। मगर उसके बाद इसमें लगातार कमी दर्ज हो रही है। अब विदेशी मुद्रा भंडार गिर कर 644.87 अरब अमेरिकी डालर पर पहुंच गया है।

हालांकि यह स्तर अभी चिंताजनक नहीं माना जा सकता, मगर जिस तरह निरंतर इसमें गिरावट दर्ज हो रही है, वह अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। विदेशी मुद्रा भंडार गिरने का अर्थ है कि अपेक्षित विदेशी निवेश नहीं आ पा रहा। इसकी वजह भी साफ है। अमेरिकी डालर लगातार मजबूत हो रहा है, जिसके चलते विदेशी निवेशक भारत से अपना पैसा निकाल कर लगाने लगे हैं।

दुनिया के कारोबार में डालर की स्थिति अहम भूमिका निभाती है। डालर कमजोर होता है, तो विदेशी निवेशक दूसरे देशों का रुख करने लगते हैं। मगर जैसे ही डालर मजबूत होने लगता है, वे अमेरिकी बाजार का रुख कर लेते हैं। कोरोना के बाद मंदी की मार झेल रहे अमेरिका के फेडरल रिजर्व ने अपने यहां ब्याज दरों में बदलाव किए। इससे निवेशकों को वहां निवेश करने के लिए आकर्षित करने में मदद मिली। फिर, डोनाल्ड ट्रंप के दुबारा राष्ट्रपति चुने जाने और आर्थिक नीतियों को लेकर उनके बयानों से निवेशकों में विश्वास जगा है कि निवेश की दृष्टि से अमेरिका ज्यादा फायदेमंद जगह है। इसका असर भारत के मुद्रा भंडार पर भी पड़ा है।



मगर केवल यही कारण प्रमुख नहीं है। सबसे अहम बात है कि हमारा व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। निर्यात पर जोर देने के बावजूद इसमें बेहतरी के संकेत नजर नहीं आ रहे। आयात लगातार बढ़ रहा है। इसका सीधा असर घरेलू उत्पादन और बाजार पर पड़ रहा है। यह अकारण नहीं है कि पिछली कुछ तिमाहियों से विनिर्माण क्षेत्र हिचकोले खाता नजर आ रहा है। सभी महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में औद्योगिक उत्पाद गिरा है। जब तक इस क्षेत्र में मजबूती नहीं आएगी, तब तक रुपए की कीमत और विदेशी मुद्रा भंडार में बेहतरी की उम्मीद धुंधली बनी रहेगी।

### विदेशी निवेशकों का उत्साह भी कम

रुपए की कीमत गिरने से विदेशी निवेशकों का उत्साह भी कम होता है। कोई भी निवेशक ऐसी जगह अपना पैसा नहीं लगाना चाहता, जहां उसे मुनाफा न हो। फिर तमाम कोशिशों के बावजूद महंगाई अपने उच्च स्तर पर बनी हुई है, जिसके चलते भारतीय बाजार में चमक नहीं लौट पा रही। इसका बड़ा कारण प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी न हो पाना है। पिछले कई सालों से लोगों की आय यथावत बनी हुई है, जबकि उसकी तुलना में महंगाई काफी बढ़ चुकी है। जाहिर है, इसके चलते उपभोक्ता व्यय घटा है। ऐसी स्थिति में स्वाभाविक ही सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की दर नीचे गई है। जब तक मानव विकास के मोर्चे पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जाएगा, तब तक तदर्थ उपायों से अर्थव्यवस्था में बेहतरी लाने की कोशिशें नाकाम ही साबित होंगी।

# सांप को चबा जाता है पाकिस्तान का ये मार्खोर बकरा

**जरा हट के**

हम अपने आसपास की चीज़ों के बारे में एक सामान्य जानकारी तो रखते ही हैं. यही हमारी जागरूकता को दर्शाता है और ये हमें लोगों के बीच एक पढ़े-लिखे और चैतन्य इंसान के तौर पर प्रदर्शित करता है.सामान्य ज्ञान से जुड़ा हुआ एक ऐसा ही सवाल हम आपके लिए आज लाए हैं, जिसका जवाब शायद ही किसी को पता हो.

हम अपने देश के राष्ट्रीय पशु के बारे में तो जानते हैं. ये न सिर्फ तेज़ गति और चुस्ती-फुर्ती का प्रतीक है बल्कि बेहद अच्छा शिकारी भी है. पर क्या आपने कभी पड़ोसी देश पाकिस्तान के राष्ट्रीय पशु के बारे में सोचा है? एक बार में तो शायद ही आप इसे जान पाएंगे.

चलिए हम आपको इसके बारे में बताते हैं. पाकिस्तान का राष्ट्रीय पशु एक बकरी है. ये ऐसी-वैसी नहीं बल्कि एक खास किस्म की बकरी है, जिसे मार्खोर कहते हैं. ये काफी ताकतवर पहाड़ी बकरी होती है, जो हिमालयन क्षेत्र में पाई जाती है. इस जीव का सबसे बड़ा दुश्मन सांप होते हैं.



मारखोर बकरी सांपों को ढूंढकर, उन्हें चबाकर फेंक देती है. पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने तो सांप चबाती मार्खोर बकरी को अपना प्रतीक चिन्ह बनाया है.दरअसल मार्खोर पश्तो भाषा का शब्द है जिसका अर्थ होता ₹सांप खाने वाला₹ या ₹सांप-हत्यारा.₹ लोककथाएं कहती हैं कि ये जानवर कथित तौर पर अपनी खास सींगों से सांपों को मारने और फिर सांपों को खा जाने में सक्षम है.

लोग ये भी मानते हैं कि बकरी के मुंह से निकलने वाला फेना सर्पदंश से जहर निकालने में मदद करता है. मार्खोर जहां भी सांप को देख लेता है, उन्हें अपने शक्तिशाली खुरों से मार देता है. माना जाता है कि जहां मार्खोर रहते हैं, वहां सांप नजर नहीं आते

# 1 साल के लिए मीठा खाना छोड़ दिया तो क्या होगा?

**अगर आप अपनी डाइट से चीनी को पूरी तरह से हटा देते हैं, तो सबसे पहले आपका शरीर बदलाव महसूस करता है. शुरुआत में आपको थकान और चिड़चिड़ापन महसूस हो सकता है. यह उस समय का असर है जब आपका शरीर चीनी को ऊर्जा के रूप में इस्तेमाल करना छोड़ देता है और नई ऊर्जा के स्रोतों पर निर्भर होता है.**



### ■ वजन में कमी

चीनी को छोड़ने का सबसे बड़ा फायदा वजन घटाना है. जब आप चीनी कम खाते हैं, तो आपके शरीर को अतिरिक्त कैलोरी मिलनी बंद हो जाती है. इस तरह धीरे-धीरे आपका वजन घटने लगता है, क्योंकि शरीर को चीनी से मिलने वाली ऊर्जा की जरूरत नहीं होती और वसा की जमावट कम होती है.

### ■ ब्लड शुगर में सुधार

चीनी को छोड़ने से ब्लड शुगर का स्तर भी नियंत्रित रहता है. खासकर उन लोगों के लिए जो डायबिटीज के रोगी हैं, चीनी की कमी से उनका ब्लड शुगर संतुलित रहता है. इससे इंसुलिन का स्तर भी स्थिर होता है और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा कम होता है.

### ■ त्वचा में सुधार

आपने देखा होगा कि बहुत ज्यादा चीनी खाने से चेहरे पर मुहांसे और दाग-धब्बे हो सकते हैं. जब आप चीनी छोड़ते हैं, तो त्वचा की हालत में सुधार आ सकता है. इससे चेहरे पर चमक बढ़ती है और मुहांसे कम होने लगते हैं. आपकी त्वचा भी स्वस्थ और निखरी नजर आती है.

### ■ ऊर्जा में वृद्धि

शुरुआत में थोड़ा थकान और चिड़चिड़ापन महसूस हो सकता है, लेकिन कुछ दिन बाद चीनी छोड़ने से ऊर्जा में वृद्धि होती है. शरीर नई ऊर्जा के स्रोतों का इस्तेमाल करना शुरू करता है, जैसे कि प्रोटीन और वसा. इससे आप ज्यादा सक्रिय महसूस करने लगते हैं और आपकी कार्यक्षमता में भी सुधार होता है.

### ■ हृदय स्वास्थ्य में सुधार

चीनी की अधिकता से हृदय रोगों का खतरा बढ़ता है, क्योंकि यह खून में ट्राइग्लिसराइ* की मात्रा बढ़ाती है. चीनी को हटा देने से यह समस्या कम होती है और आपका हृदय स्वस्थ रहता है. इससे रक्तचाप भी नियंत्रित रहता है और हृदय से संबंधित बीमारियों का जोखिम कम होता है.

### ■ मूड में सुधार

चीनी का सेवन सीधे तौर पर मूड पर असर डालता है. अत्यधिक चीनी खाने से अक्सर मूड स्विंग्स होते हैं. जब आप चीनी छोड़ते हैं, तो आपका मूड स्थिर रहता है और आप पहले से ज्यादा खुश और संतुलित महसूस करते हैं. इससे मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है.

# चने के साग का टेस्टी पराठा




**सर्दियों के मौसम में बाजार में साग की कई तरह की वैरायटीज आसानी से मिल जाती हैं। इन हरे पत्तेदार सब्जियों में मेथी, पालक, बथुआ, सरसों और चने का साग भी शामिल होता है। इस मौसम में चने का साग भी आसानी से मिल जाता है और ये सेहत के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। चने का साग कई तरह के पोषक तत्वों जैसे प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, आयरन, कैल्शियम और विटामिन से भरपूर होता है। ऐसे में इसकी सब्जी बनाई जा सकती है और इसका पराठा भी तैयार किया जा सकता है। यहां हम चने के साग का पराठा बनाने का तरीका बता रहे हैं। जिसे आप आसानी से नाश्ते या फिर लंच के लिए बना सकते हैं। इसे रायता, टमाटर की सब्जी या फिर चटनी के साथ सर्व कर सकते हैं। यहां सीखिए चने के साग का पराठा बनाने का तरीका–**

### सामग्री :

- चने का साग
- अदरक
- लहसुन
- हरी मिर्च
- हल्दी
- धनिया
- मिर्च
- अजवाइन
- नमक
- घी
- गेहूं का आटा



### विधि :

कैसे बनाएं पराठा

इस पराठे को बनाने के लिए लहुसन और अदरक को अच्छे से छील लें। फिर चने के साग को भी अच्छे से छांट लें और इसके पत्तों को काट लें। फिर इन पत्तों को धो लें। अब लहसुन, अदरक और हरी मिर्च को भी अच्छे से पीस कर पेस्ट बना लें। अब आटा लें और फिर इसमें चने का साग, नमक, अजवायन, लाल मिर्च, धनिया, हल्दी को अच्छे से मिलाएं। इसमें अदरक-लहसुन के पेस्ट को भी मिलाएं। अब आटा लगाएं और इसे तेल से ग्रीस कर लें। फिर थोड़ी लोई लें और अब इसका पराठा बना लें। अब गर्म तवे पर डालें और घी से अलट-पलट से सेक लें। इस पराठे को आप सफेद बटर के साथ सर्व कर सकते हैं।

# गेहूं का आटा भी होता है एक्सपायर

## जानें कैसे पता करें आटा हो गया है खराब



सुबह आलू के पराठे से लेकर डिनर की रोटी तक, ज्यादातर भारतीय घरों में दाल और सब्जी के साथ गेहूं की रोटी परोसकर खाई जाती है। गेहूं की अधिक खपत की वजह से महिलाएं पूरे महीने का गेहूं का आटा एक साथ मंगवाकर स्टोर कर लेती हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं गेहूं का आटा भी एक समय बाद खराब हो जाता है। आइए जानते हैं कैसे पता करें कि गेंहू के आटे की क्या होती है एक्सपायरी डेट। साथ ही यह भी जानेंगे कि गेहूं के आटे की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए क्या टिप्स आपनाएं जा सकते हैं।

### कैसे पता करें गेहूं का आटा हो गया है खराब?

गेहूं के आटे में मौजूद नेचुरल ऑयल, समय के साथ ऑक्सीडाइज होने लगते हैं, जिससे आटे का स्वाद और उसकी गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ने लगता है। बता दें, गेहूं का आटा खराब हो गया है, इसकी पहचान करने के लिए कुछ आसान टिप्स आजमाएं जा सकते हैं।

- खराब गेहूं के आटे की पहचान करने के लिए सबसे पहले उसे सूंघकर चेक करें। अगर आटे से अजीब या बासी गंध आ रही है, तो यह खराब हो चुका है।
- दूसरे टिप में आप आटे का रंग देखकर भी पता लगा सकते हैं कि यह खराब है या सही। ध्यान रखें, खराब आटा अपना रंग बदलकर पीला या भूरा दिख सकता है।
- तीसरे टिप में आप यह चेक करें कि अगर आटे में छोटे-छोटे कीड़े या धूल जैसे कण दिख रहे हों, तो भी इसका सेवन करने से बचें।
- खराब आटा स्वाद में कड़वा या अजीब स्वाद का हो सकता है।

### गेहूं का आटा स्टोर करने का सही तरीका

बता दें, गेंहू का आटा सामान्य तापमान पर 3 महीने तक खाया जा सकता है। लेकिन अगर इसे फ्रिज में स्टोर करके रखा जाए तो इसकी शेल्फ लाइफ बढ़कर 6 महीने तक हो सकती है। जबकि फ्रीजर में स्टोर करने पर यह बढ़कर 1 साल तक हो सकती है।

# क्या होता है स्माइल डिप्रेशन?



### ■ इसमें क्या करने लगता है इंसान?

### ■ ज्यादा सोना भी इसका लक्षण

स्माइल डिप्रेशन एक ऐसी मानसिक स्थिति है जिसमें व्यक्ति अपने भीतर की उदासी और तनाव को छुपाने के लिए बाहरी दुनिया के सामने हमेशा मुस्कुराता रहता है. इस स्थिति में इंसान अपने दर्द को छुपाकर सबके सामने खुश दिखने की कोशिश करता है, जबकि अंदर से वह डिप्रेशन से जूझ रहा होता है, इसका सामना करने वाले लोग अक्सर सामाजिक दबाव या दूसरों की खुशी बनाए रखने के लिए अपनी भावनाओं को छिपाते हैं.

स्माइल डिप्रेशन के कुछ सामान्य लक्षणों में अत्यधिक सोना, ऊर्जा की कमी और अधिक खाना जैसे लक्षण शामिल हैं. इसके अलावा, व्यक्ति अपने चेहरे पर मुस्कान बनाए रखते हुए भी अकेलापन और निराशा महसूस करता है. कई बार यह लोग दूसरों को अपने साथ होने वाले दर्द के बारे में बताने से भी डरते हैं, जिससे समस्या और बढ़ जाती है.

स्माइल डिप्रेशन न केवल मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डालता है. यह संबंधों को प्रभावित कर सकता है और प्रोफेशनल लाइफ में भी समस्याएं पैदा कर सकता है. लगातार भावनाओं को छुपाने से व्यक्ति थकावट और तनाव का अनुभव करता है. यह स्थिति कभी-कभी आत्महत्या जैसे खतरनाक विचारों तक भी ले जा सकती है.

### ■ कैसे करें इसका ट्रीटमेंट?

स्माइल डिप्रेशन का ट्रीटमेंट सही समय पर किया जा सकता है. इसके लिए जरूरी है कि व्यक्ति अपनी भावनाओं को शेयर करे और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से मदद ले. नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, और ध्यान जैसे उपाय भी मददगार साबित हो सकते हैं. परिवार और दोस्तों का सपोर्ट भी इस स्थिति से उबरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष** : व्यापारिक यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। बेरोजगारी के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। समय अनुकूल है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**वृषभ** : आज घरेलू विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। परिवार के किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**मिथुन** : यात्रा लाभदायक रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** : किसी बड़े काम को करने की तीव्र इच्छा जागृत होगी। आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। थकान व कमजोरी रहेगी।

**सिंह** : धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** : धन लेन-देन में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक विवाद को बढ़ावा न दें। चोट व दुर्घटना के प्रति सावधानी आवश्यक है। बनते कामों में विघ्न आ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय होगी।

**तुला** : कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। शत्रु पस्त होंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**वृश्चिक** : किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

**धनु** : कानूनी अड़चन सामने आएगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेचैनी रहेगी। व्यर्थ दौड़धूप रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**मकर** : व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है। विवाद के बढ़ावा न दें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे।

**कुंभ** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा।

**मीन** : भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। बुद्धि का प्रयोग करेंगे। कार्य में सफलता मिलेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। लाभ में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### किन्नर की हत्या पर साथियों का बवाल, अर्धनग्न होकर हंगामा, तोड़फोड़

**गाजीपुर.** गाजीपुर में किन्नर की हत्या से आक्रोशित साथी किन्नरों ने जमकर उपद्रव किया है। अर्धनग्न होकर किन्नरों ने हंगामा काटा। नंदगंज बाजार में ईंट पत्थर चलाकर तोड़फोड़ की। बाजार बंद करा दिया। फोरलेन पर पहुंचकर सड़क जाम करा दिया। किन्नर अखाड़ा प्रयागराज के महामंडलेश्वर कौशिल्या नंद गिरी उर्फ टीना मां भी मौके पर पहुंच गई हैं। किन्नरों को शांत कराने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा है। किसी तरह सभी को समझाकर थाने लाया गया। सदर सीओ सिटी सुधाकर पाण्डेय और सीओ भुड़कुड़ा के साथ बातचीत के बाद महामंडलेश्वर टीना मां ने पुलिस को हत्यारों की गिरफ्तारी के लिये दस दिन का समय दिया है। रविवार को हर्ष उपाध्याय उर्फ गंगा किन्नर की नन्दगंज चोचकपुर मोड़ पर स्थित एक कपड़े की दुकान में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के समय किन्नर हर्ष उपाध्याय कपड़ा खरीद रहा था। घटना के बाद भी किन्नरों ने देर शाम नंग होकर प्रदर्शन किया था।

### कांच के टुकड़े से पान मसाला दुकानदार की गर्दन पर वार, तू-तू, मैं-मैं में कर दी हत्या

**कानपुर.** यूपी के कानपुर के चकेरी इलाके के अहिरवां के यादव नगर निवासी 20 वर्षीय हर्ष शर्मा की पुराने एयरपोर्ट के पास पान की दुकान है। परिवार में मां शांति और बड़ी बहन पूनम है। हर्ष के चचेरे भाई विकास शर्मा ने बताया कि रविवार की रात मवइया मोड़ निवासी इशू यादव भाई की दुकान पर आया था। उसका किसी बात को लेकर हर्ष से विवाद हो गया। वह झगड़ा करने लगा। इस बीच इशू ने पास में पड़े कांच के टुकड़े से हर्ष की गर्दन पर हमला कर दिया और भाग निकला। जिससे हर्ष लहुलुहान हो गया। लहूलुहान दुकानदार को मौके पर पहुंची पुलिस ने नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे हैलेट अस्पताल रेफर दिया जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।

### वीडियो कॉल पर कपड़े उतारने लगी लड़की... हनी ट्रैप का शिकार हो गए बरेली सपा जिलाध्यक्ष

**बरेली.** पिछले कुछ महीनों में साइबर अपराधों की संख्या में इजाफा हुआ है। फिर चाहें हनीट्रैप हो या फिर डिजिटल अरेस्ट। पढ़े-लिखे और अच्छी पोस्ट पर बैठे लोग भी इनकी चंगुल में फंस जा रहे हैं। एक बार फंसने के बाद ठग इनसे अच्छा खासा पैसा वसूलते हैं। यूपी के बरेली से भी कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप हनीट्रैप का शिकार हो गए हैं। उनका एक लड़की के साथ अश्लील वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वीडियो कॉल पर एक लड़की अपने कपड़े उतारते हुए दिख रही है। रविवार को यह वीडियो वायरल होते ही सियासी गलियारों में तमाम तरह की चर्चाएं होने लगीं। वहीं शिवचरन का कहना है कि उन्हें जबरन फंसाया जा रहा है। यह विरोधियों की साजिश है। मामले में कैंट थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

दरअसल, रविवार को सपा के जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। इस अश्लील वीडियो में सपा जिलाध्यक्ष एक महिला से चैट करते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। वीडियो वायरल होते ही राजनीतिक गलियारों में तमाम तरह की चर्चाएं होने लगी। बताया जा रहा है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक भी यह मामला पहुंचा दिया गया है। मामला सुर्खियों में आते ही सपा के जिलाध्यक्ष ने रविवार दोपहर नेहरू युवा केंद्र पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि वे हनी ट्रैप का शिकार हुए हैं।

# कश्मीर में रेल क्रांति!

## दिल्ली से सीधे श्रीनगर पहुंचेगी ट्रेन, PM नरेंद्र मोदी करेंगे पहला सफर




**नई दिल्ली.** कश्मीर घाटी को शेष भारत से हर मौसम में जोड़े रखने के लिए सरकार लंबे समय से कनेक्टिविटी पर काम कर रही है। इस दिशा में नए साल पर देश को बड़ा तोहफा मिलने वाला है। इसे भारतीय रेलवे के लिए भी एक मील का पत्थर माना जा रहा है। दरअसल दिल्ली से श्रीनगर को सीधे कनेक्ट करने वाली रेल लाइन जनवरी में शुरू होने वाली है। इस रूट पर वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी लग्जरी ट्रेन भी चलाने की तैयारी है। जानकारी मिली है कि खुद पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली से श्रीनगर जाने वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस का सफर करेंगे। उद्घाटन वाले दिन पीएम नरेंद्र मोदी ट्रेन में यात्रा करेंगे। इस संबंध में फिलहाल ट्रायल चल रहा है। उत्तर रेलवे के मुख्य प्रवक्ता हिमांशु शेखर उपाध्याय ने इस बारे में जानकारी दी है।

उन्होंने कहा, 'कटरा रियासी के बीच 17 किलोमीटर लंबे सेक्शन पर काम चल रहा है। इंजन, रोड़ी से लदी मालगाड़ी को टेस्टिंग के तहत इस रूट पर दौड़ाया जा रहा है। अंजी नदी पर भी इसे चलाकर देखा जा रहा है।' उन्होंने कहा कि आखिरी परीक्षण उत्तरी सर्किल के सेफ्टी कमिश्नर की ओर से 15 जनवरी के पहले किसी भी समय किया जाएगा। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी खुद दिल्ली से श्रीनगर आने वाली वंदे भारत में सफर कर सकते हैं। उपाध्याय ने कहा कि कटरा से रियासी के बीच 17 किलोमीटर लंबे सेक्शन पर काम पूरा हो चुका है। यह प्रक्रिया तेजी से जारी थी, जिसे निपटा लिया गया है। इसके अलावा यहां सबसे कठिन था टी-33 टनल का निर्माण। इसे भी अब पूरा कर लिया गया है।

रेलवे के प्रवक्ता ने कहा कि यदि सेफ्टी ऑडिट में कोई कमी पाई जाती है तो फिर उसे भी दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के बाद ऐसा पहला मौका होगा, जब किसी प्रोजेक्ट के माध्यम से कश्मीर हर मौसम में शेष भारत से जुड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि 17 किलोमीटर के रियासी कटरा खंड के चलते ऐसा होगा। भले ही यह काम जटिल था, लेकिन भारतीय रेलवे ने इसे साबित कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि कश्मीर के लोगों के लिए भी यह गेमचेंजर होगा। दिल्ली से सीधे कश्मीर तक ट्रेन का पहुंचना बड़ी बात है। यह किसी सपने के सच होने जैसा होगा। उन्होंने कहा कि कश्मीर तक ट्रेन का पहुंचना इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिहाज से बड़ा कदम है। इसके अलावा इससे सप्लाई चेन भी मजबूत होगी और लोगों को महंगाई से भी राहत मिलेगी।

# हिमाचल में ढाई फीट बर्फ, 340 सड़कें बंद



- उत्तराखंड में एवलांच का अलर्ट
- कश्मीर में फंसे पर्यटकों के लिए मस्जिद-घर खोले

**नई दिल्ली.** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार बर्फबारी हो रही है। हिमाचल में 340 सड़कों पर आवाजाही बंद हो गई है। छितकुल में ढाई फीट से भी ज्यादा बर्फ पड़ी है, जिससे कई टूरिस्ट फंस गए हैं।

कश्मीर में बर्फबारी के चलते श्रीनगर-लेह रोड बंद है। कश्मीर यूनिवर्सिटी के एग्जाम रद्द किए गए हैं। करीब 1800 गाड़ियां फंसी हुई हैं। गांदरबल, सोनमर्ग, पहलगाम, गुंड, बारामूला समेत कई जगहों पर तापमान माइनस 10 से 22 डिग्री तक पहुंचा।

यहां पर एक फीट तक बर्फबारी भी हुई, जिससे करीब 2 हजार पर्यटक अलग-अलग जगहों पर फंस गए। स्थानीय कश्मीरियों ने घर और मस्जिद के दरवाजे खोले। इन्हें रुकने की जगह दी, कंबल रजाई के साथ खाने-पीने का गर्म सामान भी दिया।

उत्तराखंड के चमोली जिले में अगले 24 घंटों में 3 हजार मीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर एवलांच (बर्फ ढहना) का ऑरेंज अलर्ट है। बद्रीनाथ नेशनल हाईवे पांडुकेश्वर-बद्रीनाथ के बीच बर्फबारी के कारण बंद है।

### महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे बोले...

# केरल मिनी पाकिस्तान



**पुणे.** महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे ने कहा- केरल मिनी पाकिस्तान है। राहुल और प्रियंका गांधी मुस्लिमों की वजह से वहां से चुनाव जीतते हैं।

राणे ने रविवार को पुणे जिले के पुरंदर की रैली में कहा- राहुल-प्रियंका को सभी आतंकवादी वोट देते हैं। यह सच है, आप पूछ सकते हैं। वे आतंकवादियों को अपने साथ लेकर सांसद बने हैं।

राणे ने कहा- राहुल और प्रियंका के चुनाव जीतने पर जो भी कहा वो वायनाड के भाजपा नेताओं ने भी कहा। आप किसी से भी पूछ सकते हैं। राहुल-प्रियंका का समर्थन करने वाले लोग कौन हैं? कौन से संगठन उनका समर्थन करते हैं? क्या कांग्रेस सामने आकर कह सकती है कि हम गलत हैं? क्या वे कह सकते हैं कि चुनावों में राहुल और प्रियंका का एक भी आतंकवादी संगठन ने समर्थन नहीं किया? हम और सबूत देंगे। मैंने जो कुछ भी कहा वह तथ्यों पर आधारित था।

विपक्ष की प्रतिक्रिया के बाद राणे ने कहा कि केरल भारत का अभिन्न हिस्सा है। वह केवल केरल और पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ हो रहे व्यवहार की तुलना कर रहे थे। बीते दिनों वहां 12 हजार हिंदू महिलाओं का धर्मांतरण रोका गया था।

# दिल्ली में इमामों को 17 महीने से सैलरी नहीं

- केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन
- पूर्व CM का नया ऐलान- पुजारी-ग्रंथी को हर महीने 18000 देंगे



केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन कर रहे साजिद रशीदी, मोहम्मद इब्राहिम और मोहम्मद मुर्तजा समेत वक्फ बोर्ड के बाकी इमाम।

**नई दिल्ली.** आम आदमी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को ऐलान किया कि अगर उनकी पार्टी दिल्ली में दोबारा सरकार बनाती है, तो वह पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना शुरू करेगी। इसके तहत मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18 हजार हर महीने भत्ता दिया जाएगा।

केजरीवाल ने कहा कि योजना के लिए रजिस्ट्रेशन कल से शुरू होगा। केजरीवाल मंगलवार को कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर जाएंगे। जहां वे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जांच करेंगे। इधर, दिल्ली वक्फ बोर्ड के इमामों ने केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन किया। इमामों का दावा है कि उन्हें 17 महीने से सैलरी नहीं मिली है। इसके लिए वे CM, LG समेत सभी से शिकायत कर चुके हैं।

योजना के ऐलान के बाद केजरीवाल ने कहा कि पुजारी और ग्रंथी समाज का अहम हिस्सा हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की अक्सर अनदेखी की जाती है। BJP वालों ने महिला सम्मान और संजीवनी योजना के रजिस्ट्रेशन को रोकने की असफ़ल कोशिश की थी। अब ये लोग पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना के रजिस्ट्रेशन न रोकें वरना इन्हें पाप लगेगा।

### भाजपा बोली- आम आदमी पार्टी की घोषणा हवा-हवाई

भाजपा के प्रवक्ता अमित मालवीय ने केजरीवाल के पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना को लेकर कहा कि महाठग अरविंद केजरीवाल ने 10 साल बाद मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को ठगने के लिए नई योजना की घोषणा की है। लेकिन दिल्ली में कितने पुजारी और ग्रंथी हैं, उन्हें इसका पता तक नहीं है। चुनाव से पहले झूठे वादों की झड़ी लगा दी गई है।

अमित ने X पोस्ट में लिखा- पिछले 17 महीनों से इमामों को तनख्वाह भी नहीं दी गई है, और वे लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली वाले जानते हैं कि हिंदू विरोधी आप की यह घोषणा भी केवल हवा-हवाई है।

# मणिपुर में सुरक्षाबलों ने 4 बंकर नष्ट किए

- 5 दिनों से सेना-पुलिस का जॉइंट सर्च ऑपरेशन
- 9 हथियार, गोला-बारूद बरामद



**मणिपुर.** मणिपुर में हिंसा की बढ़ती घटनाओं के बाद सुरक्षाबलों ने इंफाल ईस्ट और कांगपोकपी जिलों में बने बंकरों को नष्ट कर दिया है। मणिपुर पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

ये बंकर थम्नापोकपी और सनसाबी गांवों की सीमा से लगे इलाकों में बनाए गए थे। जहां से पहाड़ियों पर रहने वाले बंदूकधारी निचले इलाकों के गांवों पर हमला कर रहे थे। इसके अलावा 5 दिनों से सेना-पुलिस का जॉइंट सर्च ऑपरेशन भी चल रहा था। सेना ने 23 दिसंबर से 27 दिसंबर तक इंफाल ईस्ट, टेंग्नौपाल, यांगियांगपोकपी और चुराचांदपुर से 9 हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया।

### सीएम ने कहा था- कुकी-मैतेई आपसी समझ बनाएं

मणिपुर के सीएम बिरेन सिंह ने 25 दिसंबर को कहा था- मणिपुर को तत्काल शांति की जरूरत है। दोनों समुदायों (कुकी-मैतेई) आपसी समझ बनाएं। बीजेपी ही मणिपुर को बचा सकती है, क्योंकि वो 'एक साथ रहने' के विचार में विश्वास करती है।

उन्होंने कहा था कि आज मणिपुर में जो कुछ हो रहा है उसके कई कारण हैं। आज जो लोग राज्य को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, वे पूछ रहे हैं कि सरकार क्या कर रही है। लोग सत्ता के भूखे हैं। हम किसी खास समुदाय के खिलाफ नहीं हैं। भाजपा का रुख स्पष्ट है। हमने पुलिस और लोगों के बीच संबंध बनाने शुरू कर दिए हैं।

### कब-कब हथियार बरामद किए

- 23 दिसंबर- एक लाइट मशीन गन, एक 12 बोर सिंगल बैरल गन, एक 9 मिमी पिस्तौल, दो ट्यूब लांचर, विस्फोटक, गोला-बारूद।
- 27 दिसंबर- 0.303 राइफल, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और ग्रेनड बरामद हुए।
- 28 दिसंबर- दो वाहनों से दो डबल बैरल और एक सिंगल बोर राइफल बरामद की।

### ...तो लॉरेंस बिश्नोई से मरवा दूंगा, निर्मोही अखाड़े के महंत को धमकी

**छतरपुर.** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। यह धमकी निर्मोही अखाड़े के महंत भगवान दास को दी गई है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज करते हुए धमकी देने वाले की तलाश शुरू कर दी है।

निर्मोही अखाड़े के महंत भगवान दास को जान से मारने की धमकी दी गई है। जानराय टोरिया में महंत भगवान दास वैष्णव ने बताया कि संकट मोचन मंदिर में कुछ दिनों पहले पूजा करने के लिए परमात्मा दास उर्फ प्रीतीश त्रिपाठी को रखा गया था। लेकिन, उसके गलत आचरण के चलते महंत भगवान दास ने उसे मंदिर से हटा दिया।

# अफगान महिलाओं को 'कैद' करने के बाद नौकरी पर भी पाबंदी, नया फरमान

**काबुल.** पाकिस्तान से भारी तनाव के बीच तालिबान हुकूमत ने अपने देश के लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। तालिबान ने फरमान दिया है कि देश में काम कर रहीं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एनजीओ अफगान महिलाओं को बिल्कुल भी नौकरी पर न रखें। इसके पीछे की वजह भी बताई है। तालिबान का कहना है कि महिलाएं नौकरी के दौरान हिजाब सही तरीके से नहीं पहन रही हैं। इसलिए उन्हें नौकरी ही देना बंद करें। इससे पहले तालिबान ने कहा था कि महिलाओं के कमरों में खिड़कियां नहीं होनी चाहिए, अगर किसी कमरे में है भी तो वो खिड़की बंद कर दी जाए।

तालिबान ने दो साल पहले भी सभी एनजीओ को अफगान महिलाओं को रोजगार देने से मना किया था, जिसके बाद उसका यह कदम सामने आया है। तालिबान ने सोमवार को फरमान में कहा कि उसके आदेश का सख्ती से पालना किया जाए। तालिबान ने यह कदम कथित तौर पर इसलिए उठाया है क्योंकि उसका कहना है कि महिलाएं इस्लामी हिजाब सही तरीके से नहीं पहनती हैं।

रविवार रात को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए गए पत्र में वित्त मंत्रालय ने चेतावनी दी कि हालिया आदेश का पालन नहीं करने पर ऐसे एनजीओ को अफगानिस्तान में काम करने का लाइसेंस खोना पड़ेगा। मंत्रालय ने कहा कि वह राष्ट्रीय एवं विदेशी संगठनों के पंजीकरण, समन्वय, नेतृत्व और उनकी सभी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जिम्मेदार है।

पत्र के अनुसार, सरकार एक बार फिर तालिबान के नियंत्रण से बाहर के संस्थानों में महिलाओं के हर तरह के कामकाज को बंद करने का आदेश देती है। पत्र के अनुसार, ''सहयोग नहीं मिलने की स्थिति में उस संस्था की सभी गतिविधियां रद्द कर दी जाएंगी और मंत्रालय द्वारा दिया गया संस्था का गतिविधि लाइसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा।''

# मेलबर्न टेस्ट में भारत की हार के कारण




- रोहित-विराट फिर फेल
- पंत का विकेट टर्निंग पॉइंट
- आखिरी सेशन में 7 विकेट गंवाए

भारत को मेलबर्न टेस्ट में 184 रनों की बड़ी हार झेलनी पड़ी। टीम इंडिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1-2 से पिछड़ गई है। सोमवार को मुकाबले के 5वें दिन ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 234 रन बनाते हुए 340 रन का टारगेट दिया था, लेकिन भारतीय टीम 155 रन पर ऑलआउट हो गई।

ओपनर यशस्वी जायसवाल ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाए, लेकिन वे थर्ड अंपायर के एक विवादित फैसले का शिकार बन गए। यही भारत की हार की सबसे बड़ी वजह बना। जब जायसवाल आउट हुए तो मैच ड्रॉ की स्थिति में था। आकाश दीप उनका साथ दे रहे थे। फैसले के अलावा, भारतीय टीम ने आखिरी सेशन में 7 विकेट गंवा दिए। टी-ब्रेक तक इंडिया का स्कोर 112/3 रहा।

### टॉप ऑर्डर फ्लॉप

टीम इंडिया का टॉप ऑर्डर इस मैच में पूरी तरह फ्लॉप रहा। पहली पारी में यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा के बीच पहले विकेट के लिए केवल 8 रन की साझेदारी हुई। रोहित 3 रन बनाकर आउट हुए। केएल राहुल 24 और विराट कोहली 36 रन बनाए।

दूसरी पारी में यशस्वी के अलावा शुरुआती 3 बल्लेबाज रोहित शर्मा (9), केएल राहुल (0) और विराट कोहली (5) दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाए। रोहित-विराट इस मैच में भी फेल रहे। रोहित ने पहली पारी में 3 और दूसरी में 9 रन बनाए। जबकि कोहली ने पहली पारी में 36 और दूसरी में 5 रन बनाए।

दूसरी पारी में यशस्वी ने 3 कैच ड्रॉप किए। ऑस्ट्रेलिया के दूसरी पारी के चौथे ओवर में उन्होंने उस्मान ख्वाजा का कैच छोड़ दिया। आकाश दीप के ओवर की दूसरी बॉल पर यशस्वी से गली में उनका कैच छूट गया। 40वें ओवर में मार्नस लाबुशेन को जीवनदान मिला।

# राजनाथ बोले- सुरक्षा मामले में भारत भाग्यशाली नहीं

- दुश्मन अंदर भी हैं, बाहर भी, उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखना जरूरी



**इंदौर.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, सुरक्षा के मोर्चे पर भारत बहुत भाग्यशाली देश नहीं है। हमारी सेना उत्तरी और पश्चिमी सीमा लगातार चुनौतियों का सामना कर रही है। हम शांत, बेफिक्र होकर नहीं बैठ सकते। हमारे दुश्मन, चाहे अंदर हों या बाहर, वे हमेशा एक्टिव रहते हैं।

राजनाथ ने आगे कहा कि इन परिस्थितियों में, हमें उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखनी चाहिए। उनके खिलाफ सही समय पर बेहतर और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। रक्षा मंत्री ने ये बातें मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में सेना के जवानों को संबोधित करते हुए कहीं। राजनाथ महू छावनी में दो दिन के दौरे पर आए हैं।

### चीन के साथ भारत की 3488 किमी लंबी सीमा

- भारत की चीन के साथ 3 हजार 488 किमी लंबी सीमा लगती है, जो तीन सेक्टर्स- ईस्टर्न, मिडिल और वेस्टर्न में बंटी हुई है। ईस्टर्न सेक्टर में सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की सीमा चीन से लगती है, जिसकी लंबाई 1 हजार 346 किमी है। मिडिल सेक्टर में हिमाचल और उत्तराखंड है, जिसकी लंबाई 545 किमी है। और वेस्टर्न सेक्टर में लद्दाख आता है, जिसके साथ चीन की 1 हजार 597 किमी लंबी सीमा है।
- चीन अरुणाचल प्रदेश के 90 हजार स्क्वायर किमी के हिस्से पर अपनी दावेदारी करता है। जबकि, लद्दाख का करीब 38 हजार स्क्वायर किमी का हिस्सा चीन के कब्जे में है।
- इसके अलावा 2 मार्च 1963 को चीन-पाकिस्तान के बीच हुए एक समझौते में पाकिस्तान ने PoK का 5 हजार 180 स्क्वायर किमी चीन को दे दिया था। कुल मिलाकर चीन ने भारत के 43 हजार 180 स्क्वायर किमी पर कब्जा जमा रखा है। जबकि, स्विट्जरलैंड का एरिया 41 हजार 285 स्क्वायर किमी है।

# बुरे लोगों को मत बुलाओ, फर्जी खबरों के लिए पैसा बहाया

- संदेशखाली में बरसीं ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को संदेशखाली में भाजपा और अन्य विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि संदेशखाली में टीएमसी नेताओं पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोप फर्जी थे और इन फेक न्यूज को फैलाने के लिए जमकर पैसा बहाया गया। बनर्जी ने एक कार्यक्रम में कहा, यहां बुरे लोगों को मत बुलाओ। मुझे पता है कि यहां फर्जी खबरें फैलाने के लिए बहुत पैसा खर्च किया गया है। लेकिन मैं इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहूंगी। झूठ ज्यादा दिन नहीं टिकता, सच हमेशा सामने आ ही जाता है।₹

दरअसल, इस साल की शुरुआत में संदेशखाली में टीएमसी नेताओं पर महिलाओं के यौन शोषण और लोगों की जमीन हथियाने के आरोप लगे थे। इस मामले ने काफी तूल भी पकड़ा और चुनाव के दौरान यह मुद्दा काफी हावी रहा। भाजपा ने संदेशखाली की पीड़िता को चुनाव में टीएमसी नेता के खिलाफ भी उतारा था। भारी विरोध के बावजूद भाजपा बशीरहाट लोकसभा सीट जीतने में विफल रही, जिसमें संदेशखली भी शामिल है। टीएमसी नेता हाजी नूरुल इस्लाम ने भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा (संदेशखाली पीड़िता) को आसान अंतर से हराया।

- संदेशखाली की महिलाओं को संदेश

प्रदेशभर में हुए विरोध प्रदर्शनों का जिक्र किए बिना ममता बनर्जी ने कहा कि सब कुछ भुला दिया गया है। उन्होंने संदेशखली की महिलाओं को सलाह दी, ₹बुरे लोगों के बहकावे में मत आना। अगर कोई आकर आपसे उनके साथ जाने को कहे, तो भी मत जाना।₹ टीएमसी सुप्रीमो ने कहा, ₹मैं चाहती हूं कि संदेशखाली की महिलाएं और पुरुष दुनिया में नंबर 1 बनें। हमें साजिश, फर्जी खबरों और धमकियों को खत्म करना होगा।₹

# 'अरविंद केजरीवाल ने आपको काम चलाऊ सीएम कहा, मुझे दुख हुआ'

- दिल्ली LG ने आतिशी को लिखा पत्र



**नई दिल्ली.** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी को एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने अरविंद केजरीवाल के एक बयान की आलोचना करते हुए इस पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा है कि कुछ दिनों पहले एक सवाल के जवाब में अरविंद केजरीवाल ने आपको काम चलाऊ सीएम कहा था। यह मुझे बेहद आपत्तिजनक लगा और इससे में आहत हूं। उन्होंने कहा, यह ना सिर्फ आपका अपमान है बल्कि आपके नियोक्ता देश की राष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधि के रूप में मेरा भी अपमान है।

उपराज्यपाल ने पत्र में कहा, आपके पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मीडिया में आपको सार्वजनिक रूप से एक अस्थायी-काम चलाऊ मुख्यमंत्री घोषित किया। यह मुझे बहुत आपत्तिजनक लगा और मैं इससे आहत हुआ। यह न केवल आपका अपमान था, बल्कि आपकी नियोकता महामहिम भारत की राष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधि के रूप में, मेरा भी अपमान था। उन्होंने कहा, अस्थायी या काम चलाऊ मुख्यमंत्री की जो सार्वजनिक व्याख्या केजरीवाल ने की, उसका कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है और यह बाबा साहब आंबेडकर द्वारा रचित संविधान में निहित लोकतांत्रिक भावना और मूल्यों की निंदनीय अवहेलना भी है।

**संक्षेप...**

## कोपरखैरणे में बिल्डिंग का स्लैब गिरा

**नवी मुंबई.** कोपरखैरणे सेक्टर 7 में सम्राट सोसाइटी की पहली मंजिल का स्लैब शनिवार शाम को अचानक नीचे गिर गया. सौभाग्य से, कोई भी घायल नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार प्लॉट नंबर 12 पर तीन मंजिला इमारत सम्राट सोसाइटी का निर्माण वर्ष 2000 में किया गया था। शनिवार शाम करीब 6 बजे पहली मंजिल के स्लैब का एक हिस्सा ग्राउंड फ्लोर पर बने मकान में गिर गया। गनीमत यह रही कि जहां स्लैब गिरा वहां कोई नहीं था। इस हादसे के बाद मनपा प्रशासन ने निवासियों को तुरंत इमारत खाली करने के निर्देश दिए हैं.

# स्थानीय मनपा चुनाव में भी BJP के लिए जमीन तैयार करेगी RSS

**■ बैठकों का दौर शुरू**



**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत में आरएसएस का अहम रोल माना जाता है. विधानसभा चुनाव में जीत के बाद अब आरएसएस स्थानीय निकाय चुनाव में भी बड़ी भूमिका निभाने को तैयार दिख रही है. चुनाव को लेकर बीजेपी के बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है.

बीजेपी स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ सकती है जबकि विधानसभा चुनाव उसने महायुति के दो सहयोगियों एनसीपी और शिवसेना के साथ मिलकर लड़ा था. ऐसी स्थिति महाविकास अघाड़ी के साथ नजर आ रही है. महाविकास अघाड़ी के तीनों घटक दल भी अलग-अलग चुनाव लड़ सकते हैं. बीएमसी पर 25 वर्षों से अविभाजित शिवसेना का कब्जा रहा है. शिवसेना के विभाजन के बाद पहली बार बीएमसी का चुनाव होने जा रहा है.

**रणनीतियों पर बीजेपी ने शुरू कर दिया काम**

रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी ने आरएसएस के नेतृत्व में अपने फ्रंट संगठनों के बीच समन्वय स्थापित करना शुरू कर दिया है. इसने भयंदर में एक बैठक भी आयोजित की थी जिसकी अध्यक्षता सीएम देवेंद्र फडणवीस और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने की थी. बीजेपी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि भयंदर की बैठक से यह संदेश बाहर निकल कर रहा है कि विधानसभा चुनाव में इसलिए बड़ी सफलता मिली कि बीजेपी और आरएसएस साथ थी. पार्टी को आरएसएस के फ्रंट संगठनों की जरूरत है जिसका जमीनी स्तर पर बड़ा नेटवर्क है. महाराष्ट्र के 27 नगर पालिकाओं में चुनाव कराए जाने हैं जिनमें बीएमसी भी शामिल है. इसके अतिरिक्त हाल में बनाए गए दो नए नगर पालिका में भी पहला चुनाव होना है. स्थानीय निकाय चुनाव ना कराए जाने के कारण सभी नगर पालिका में प्रशासन का काम सरकार द्वारा नियुक्त एडमिनिस्ट्रेटर करते हैं. महायुति की पूर्ववर्ती सरकार में शिवसेना-यूबीटी बीएमसी चुनाव में देरी के आरोप लगाती रही है.

घाटकोपर होर्डिंग हादसा

## मुख्य गवाह अरशद खान UP से गिरफ्तार

**मुंबई.** घाटकोपर स्थित अनधिकृत होर्डिंग हादसे मामले के फरार मुख्य गवाह, अरशद खान को मुंबई क्राइम ब्रांच ने छह माह बाद उत्तर प्रदेश के लखनऊ से गिरफ्तार किया है. खान के खिलाफ मुंबई की एक अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किया था. जो बार-बार समन के बावजूद पुलिस के सामने बयान दर्ज कराने के लिए पेश नहीं हो रहे थे. पुलिस खान को आगे की पूछताछ के लिए अदालत में पेश करेगी और उससे इस हादसे के मुख्य आरोपी की सच्चाई का राज उगलवाएगी. पेशे से व्यवसायी खान पर ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड से 46 लाख रुपये प्राप्त करने का आरोप है. बता दें कि,13 मई 2024 को घाटकोपर के पेट्रोल पंप पर एक विशाल होर्डिंग गिर गया था.

## मदरसे में पढ़ने वाले 11 साल के लड़के ने लगाई फांसी

**■ बाथरूम में मिला शव**

**मुंबई.** मुंबई से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, यहां एक 11 साल के लड़के ने फांसी लगाकर जान दे दी, जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया. ये घटना मुंबई के मलाड मालवणी की है. नाबालिग का शव बाथरूम में मिला. परिजन का कहना है कि बच्चे ने बाथरूम का दरवाजा बंद कर फांसी लगाई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई.

मालवणी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया और मामले की तहकीकत में जुट गई. शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने बताया कि मौके से किसी प्रकार का कोई नोट नहीं मिला है.

लड़का मालवणी में रहता था और अपने बड़े भाई के साथ मलाड़ के नज़दीकी मदरसे में पढ़ता था. शनिवार की शाम को जब दूसरे छात्र खेलने के लिए बाहर गए थे, तो वो लड़का साथियों के साथ बाहर खेलने के लिए नहीं गया और वहीं पर रुक गया. जिसके बाद नाबालिग ने बाथरूम का दरवाज़ा अंदर से बंद करके आत्महत्या कर ली. घटना का पता जब परिजनों को चला तो पूरे घर में कोहराम मच गया. मामले की जांच की रही है

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. पुलिस ने घटना की जांच के दौरान बड़े भाई से पूछताछ की, लेकिन अभी तक आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल पाया है.

# शिव, फुले, शाहू आंबेडकर अनुयायियों ने निकाला मोर्चा

**सोमनाथ सूर्यवंशी मृत्यु प्रकरण मामले में दोषी अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग**




**ठाणे.** सोमनाथ सूर्यवंशी के संदिग्ध मृत्यु व गृहमंत्री अमीत शाह के विवादित बयान के विरोध में आज आंबेडकर अनुयायियों ने जोरदार मोर्चा निकाला।सोमनाथ सूर्यवंशी के मृत्यु में दोषी अधिकारियों को बर्खास्त व डॉ बाबासाहेब आंबेडकर पर अमित शाह के विवादित बयान को लेकर मंत्रिमंडल से हटाने के लिए तमाम राजनीतिक दल एकसाथ बड़ी संख्या में जोरदार मोर्चा निकाला।वहीं वरिष्ठ आंबेडकरी नेता नानासाहेब इंडीसे ने चेतावनी दिया कि आज से आंदोलन का बिगुल बज गया है यदि दोषियों पर कड़क कार्रवाई नही किया गया तो राज्य भर में तीव्र आंदोलन किया जाएगा।सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.दत्ताराव पवार ने परभणी में बाबासाहेब आंबेडकर की मूर्ति पर पथराव कर संविधान की प्रतिकृति को नष्ट कर दिया था।इस विषय को लेकर सोमनाथ सूर्यवंशी ने विरोध प्रदर्शन का वीडियो बना रहा था पुलिस ने गिरफ्तार कर कस्टडी में बेरहमी पीटाई के दौरान मृत्यु हो गई।साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा अंबेडकर एक फैशन बन गए हैं।इन दोनों घटनाओं के विरोध में यह मार्च निकाला गया।इस मोर्चा में शहर के 72 बुद्ध विहारों से जुड़े लोग कई राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, संगठनों के प्रतिनिधि और दिव्यांग लोग भी शामिल हुए। इस समय मोर्चा में शामिल हुए लोगों ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जय, राष्ट्रपिता जोतीराव फुले की जय, राजर्षि शाहू महाराज की जय, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की जय हो, के नारे लगाये गये।इस मोर्चा में पूर्व स्थाई समिति सभापति भैया साहेब इंडिसे, पूर्व परिवहन सभापति जीतेंद्र कुमार इंदिसे, राजाभाऊ चव्हाण, सुनील खांबे, सुखदेव उबले, भास्कर वाघमारे, आबासाहेब चस्कर, पंढरीनाथ गायकवाड, गोविंद पठारे, प्रह्लाद मगरे, जयवंत बेले, शंकर जामदादे, साधन तायडे, राहुल घोडके, लोवसिंह राठौड़, विशाल ढेंगले, बाबासाहेब येडेकर, डॉ. प्रमोद जाधव, प्रमोद इंगले, सुरेश कांबले, अशोक कांबले, प्रमोद इंगले, विनोद भालेराव, तात्या राव ज़ेंडे, विमलताई सातपुते, सुमनताई इंगले, दैवशाला हराले सहित बड़ी संख्या में शिव, फुले, साहू के साथ आंबेडकर अनुयायियों ने हिस्सा लिया था।इस अवसर पर आंबेडकरी नेता नानासाहब इंदिसे ने कहा कि अमित शाह का बयान बाबासाहब अंबेडकर का अपमान देश का अपमान है।इसलिए अमित शाह को मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए और सोमनाथ सूर्यवंशी मामले में दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होने पर ही भीमसैनिकों का गुस्सा कम होगा।इस विषय में लिखित आवेदन पत्र जिलाधिकारी कार्यालय को दिया।

## ठाणे के पहले मेयर सतीशचंद्र प्रधान का निधन



**ठाणे.** शिवसेना के पूर्व सांसद और ठाणे के पहले मेयर सतीशचंद्र प्रधान का रविवार को एक अस्पताल में उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण निधन हो गया. प्रधान 85 के वर्ष के थे. उनके परिवार के सदस्यों ने यह जानकारी दी. उनकी शवयात्रा आज सोमवार सुबह उनके घर से निकलेगी.

पूर्व राज्यसभा सदस्य सतीशचंद्रने 1966 में बाल ठाकरे के साथ मिलकर शिवसेना के गठन में अहम भूमिका निभाई थी. उन्होंने ठाणे शहर और जिले में पार्टी संगठन का विस्तार किया. ठाणे नगर निगम के पहले मेयर के रूप में प्रधान शहर के विकास में अहम भूमिका निभाते थे. उन्होंने सांस्कृतिक, कला और खेल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया. दादोजी कोंडदेव स्टेडियम और राम गणेश गडकरी थिएटर ठाणे के लिए प्रधान का योगदान है.

सतीशचंद्र प्रधान का जन्म 29 अगस्त 1940 को मध्य प्रदेश के धार में हुआ था। 1992 के बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में उन्होंने आरोपी के रूप में नामित किया गया था. हालांकि 2020 में एक विशेष सीबीआई अदालत ने उन्हें बरी कर दिया था. पूर्व सांसद पिछले कुछ महीनों से बीमार थे और उन्हें इलाज के लिए एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

1982 में ठाणे नगर निगम की स्थापना के बाद, प्रधान ठाणे के पहले मेयर बने. इसके बाद उन्होंने ठाणे को नए बदलावों को अपनाने के लिए प्रेरित किया. इसके लिए आवश्यक विशाल संरचनाएं बनाई गईं. गडकरी रंगायतन और दादोजी कोंडदेव स्पोर्ट्स हॉल इसके प्रमुख उदाहरण हैं. सांस्कृतिक विकास के माध्यम से बच्चों में बाहरी संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से ठाणे मेयर रौली प्रधान ने ठाणे मेयर वर्षा मैराथन प्रतियोगिता का उद्घाटन किया.

## SST कॉलेज द्वारा आयोजित महाराष्ट्र राज्य सीनियर ग्रुप बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप का भव्य उद्घाटन





**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन की मान्यता से, कल्याण-डोंबिवली बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन, एसएसटी कॉलेज और नवतरुण क्रीड़ा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में कल्याण के दादासाहेब गायकवाड़ क्रीड़ांगण पर 68वीं महाराष्ट्र राज्य सीनियर ग्रुप बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप का उद्घाटन समारोह बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कल्याण-पूर्व की विधायक सुलभाताई गायकवाड़, शिवसेना के शहर अध्यक्ष निलेश शिंदे, महाराष्ट्र बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष पी.के. पटेल, सचिव अतुल इंगले, और एसएसटी कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

यह प्रतियोगिता पूर्व विधायक जगन्नाथ अप्पा शिंदे के अमृत महोत्सव जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के 30 जिलों से करीब 400 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से महाराष्ट्र की टीम का चयन किया जाएगा, जो राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेगी।

# लोहे की बैरीकेटिंग को बचाने में मनपा नाकाम

**■ मनपा इंजीनियर की लापरवाही**

**■ भ्रष्ट रवैए से लोग परेशान**

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा प्रशासन फ्लाईओवर पर लगे हुए लोहे की बैरीकेटिंग का स्थाई निर्माण करने में भी असफल साबित हो रही है. स्व.राजीव फ्लाईओवर एवं बंजार पट्टी नाका फ्लाईओवर कमजोर होने की वजह से मनपा द्वारा भारी वाहनों का आवागमन रोकने के लिए फ्लाईओवर के दोनों मेन प्वाइंट पर भारी वाहनों के आवागम रोकने के लिए लोहे की बैरीकेटिंग 10 फिट ऊपर तक की गई है. बैरीकेटिंग होने से फ्लाईओवर पर भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होता है. 2 दिन पूर्व बागे फिरदौस मस्जिद के पास फ्लाईओवर पर लगाया गया बैरीकेटिंग रॉड टूटने से ट्रैफिक जाम हुआ जिसे सुचारू करने में पुलिस को पसीने छूट गए.

लोगों का आरोप है कि, मनपा द्वारा बैरीकेटिंग निर्माण के लिए करीब 1वर्ष के दौरान लाखों रुपए का बिल भुगतान ठेकेदार को दिए जाने के बाद भी भ्रष्टाचार की कहानी बयां करने वाली बैरीकेटिंग रॉड अक्सर टूटकर सड़क पर गिरती रहती है.सूत्रों की मानें तो कमोवेश प्रतिमाह टेंपो,एंबुलेंस सहित 8-10 फीट से ऊंचे वाहन फ्लाईओवर की तरफ जाने की कोशिश करते हैं तो लोहे की बैरीकेटिंग की रॉड टूटकर नीचे गिर जाती है जिससे वाहन चालकों को आवागमन में भारी दिक्कत झेलनी पड़ती है.

सूत्रों की माने तो,कमजोर फ्लाईओवर से भारी वाहनों का यातायात रोकने की खातिर लोहे की बैरीकेटिंग करने के लिए खर्च किया गया लाखों रुपए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है.मनपा इंजीनियर और ठेकेदार मिलीभगत कर हर दफा बेहद कम मजबूत लोहा की बैरीकेटिंग बनाकर लाखों रुपए डकार चुके हैं.

मनपा इंजीनियर और ठेकेदार की मिलीभगत से कमजोर लोहे का बैरीकेटिंग निर्माण कर घोटाला किया जा रहा है.शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने मनपा आयुक्त अजय वैद्य से बैरीकेटिंग निर्माण में हुई लापरवाही एवं भ्रष्टाचार की जांच कराए जाने की मांग की है.

## कल्याण में रेल यात्रियों की सुविधा के लिए दी गई व्हील चेयर

**कल्याण.** सोमवार की दोपहर अग्रवाल समाज कल्याण ने कल्याण एवं टिटवाला रेलवे स्टेशनों के रेल यात्रियों की सुविधा के लिए स्व. मोहित अग्रवाल एवं स्व. परमात्मा देवी गणेशमल अग्रवाल टिटवाला की स्मृति में उनके परिवार के महेश अग्रवाल एवं उनके भाईयो ने कल्याण स्टेशन प्रबंधक आरके मीणा एवं मुख्य वाणिज्य निरिक्षक मनोज सिहं को दो व्हील चेयर सौंपी.

समाज के सचिव नितिन अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज इन सभी चीजों के अलावा विभिन्न स्टेशनो पर ठंडे पानी का प्याऊ लगाकर पीने के पानी की व्यवस्था करता है.

# कहानी लेखन पर 2 दिवसीय कार्यशाला



**भिवंडी.** छात्रों में लेखन कौशल शक्ति को विकसित करने तथा लिखने में रुचि पैदा करने हेतु रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज भिवंडी एवं मावा एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट अहमदाबाद (गुजरात) के सहयोग से 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज के नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के 35 छात्र-छात्राएं शामिल हुईं. उप प्रधानाचार्य आमिर सिद्दीकी ने कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए विषय के महत्व को व्यक्त किया. शायर एवं आलोचक प्रोफेसर अमीर हमजा साकिब ने 'कहानी और उसके घटक तत्व' विषय पर छात्रों को संबोधित किया और अपने बहुमूल्य विचार प्रस्तुत किए. दूसरे सत्र की शुरुआत कोकन मुस्लिम एजुकेशन सोसाइटी के सचिव दानियाल काजी ने की. उन्होंने इस कार्यशाला के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इस तरह की कार्यशाला से छात्रों में लेखन कौशल का विकास होगा. वरिष्ठ कहानीकार एम. मुबीन ने पहले 'कहानी कौन लिख सकता है' और फिर 'कहानी लिखने की तैयारी' विषय पर अपने विचार व्यक्त किये.दूसरे दिन के प्रथम सत्र का उद्घाटन शमीम इकबाल मोमिन सर ने किया. एम मुबीन सर ने आओ कहानी लिखे एवं कहानी लिखने का अभ्यास विषय पर छात्रों का मार्गदर्शन किया.

दूसरे दिन के दूसरे सत्र में प्रसिद्ध आलोचक और लेखक असलम परवेज़ (मुम्बई) ने 'कहानी लेखन के लिए सामग्री प्राप्त करना' विषय पर तथा नया वरक़ के संपादक शादाब रशीद (मुम्बई) ने 'कहानी के कथानक का विस्तार कैसे करें' विषय पर अपने अनुभव एवं विचार छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किए. कार्यशाला में बोलते हुए समर फाउंडेशन मालेगांव के अध्यक्ष अशफाक उमर ने कहा कि कोई भी घटना जो आप के साथ हो रही हो उसी में से शीर्षक निकालना कला है।"

रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज के प्रिंसिपल जियाउर रहमान अंसारी ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि 'कार्यशालाएं और सेमिनार केवल नाम के लिए नहीं होने चाहिए.हमें उम्मीद है कि यह 2 दिवसीय सेमिनार कहानी लेखन के लिए एक आधार के रूप में काम करेगा. एम.मुबीन के नेतृत्व एवं देखरेख में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में हाशमी अबीहा और अंसारी तहसीन को प्रथम पुरस्कार, मोमिन मुजना और खान फरहान अमजद को द्वितीय पुरस्कार,तथा शेख रेहब और अंसारी बुशरा अनवर को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. कार्यशाला के संयोजक शरीफ मुल्ला सर ने कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन किया.




## आम सूचना

मैं श्रीमती रुपाली सागर दोंड सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, आन प्लाट, बैरक नं. 390-391 के सामने, पोस्ट ऑफिस के पास, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 08एओ014777000) उक्त प्रॉपर्टी श्री नरसिंगलाल परमानंद ग्यानानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 27.12.2024 सी.नं. 5813/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्रीमती रुपाली सागर दोंड**

## आम सूचना

हम श्री ज्ञान घनश्यामदास कारिया व श्रीमती अनुष्का ज्ञान कारिया सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 201, 2रा माला, हालीवुड अपार्टमेंट को-आप. सोसायटी लि., बैरक नं. 767, रुम नं. 1, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 11बीआय004313200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती जया प्रकाश सतरामाणी और अन्य दो जनों के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 24.7.2024 सी.नं. 1302 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री ज्ञान घनश्यामदास कारिया व श्रीमती अनुष्का ज्ञान कारिया**

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ दिखीं कृति सेनन

**■ राहत फतेह अली खान के कॉन्सर्ट में पहुंचे दोनों**

**■ बहन नूपुर ने शेयर की तस्वीरें**



बीते दिन से चर्चा हैं कि कृति सेनन बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ रिलेशनशिप में हैं। दोनों को काफी बार साथ में देखा जा चुका है। दोनों ने क्रिसमस भी साथ सेलिब्रेट किया था। रिलेशनशिप की अफवाहों के बीच दोनों को एक बार फिर से साथ में देखा गया है।

कृति सेनन और बिजनेसमैन कबीर बहिया को राहत फतेह अली खान के कॉन्सर्ट में साथ देखा गया था। एक्ट्रेस की बहन नूपुर सेनन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कॉन्सर्ट की कुछ इंस्टाग्राम स्टोरीज शेयर की हैं।

**■ न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए दुबई गई हुई हैं कृति**

कृति सेनन इस समय न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए दुबई गई हुई हैं। इस दौरान उनके साथ बहन नूपुर सेनन और रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया भी हैं। उन्होंने भी कॉन्सर्ट के कई वीडियोज अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किए हैं।

कृति और नूपुर सेनन के साथ वरुण शर्मा, सिंगर स्टेबिन बेन, महेंद्र सिंह धोनी भी इस कॉन्सर्ट में नजर आए हैं। इस दौरान धोनी ने राहत फतेह अली खान के साथ फोटोज क्लिक कराईं, ये फोटोज सोशल मीडियो पर काफी वायरल हो रही हैं।

यह पहली बार नहीं है जब कृति और कबीर को साथ देखा गया है। इससे पहले भी कई बार दोनों को सोशल गैदरिंग, पार्टी में साथ देखा गया है। हालांकि दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को ऑफिशियल एक्सेप्ट नहीं किया है। कृति और कबीर के साथ होने की अफवाहें जब शुरू हुईं जब दोनों को ग्रीस में एक साथ छुट्टियां मनाते और दिवाली मनाते हुए देखा गया था।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099